उद्योगों के प्रति सरकार का रवैया बदलने का संकेत है पीएलआई योजना : महिंद्रा

दिग्गज उद्योगपति ने सरकार की कोशिशों को सराहा

नई दिल्ली। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने उद्योग जगत को लेकर सरकार की नीतियों को सराहा है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि वाहन सहित 10 क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा उद्योगों के प्रति रवैये में बदलाव का संकेत है।

महिंद्रा ट्वीट किया कि यह घोषणा उद्योग जगत के प्रति रवैये में नाटकीय बदलाव है। मुझे इस पहले के तौर-तरीकों को समझने में समय लगा। मैं पासा पलटने जैसी बातों का इस्तेमाल नहीं करता, लेकिन मौजूदा हालात में यही सच लगता है। यह काफी महत्वपूर्ण बात है कि इस तरह उद्योग के प्रति रुख में बदलाव आया है। आनंद ने कहा, मैंने करियर की शुरुआत लाइसेंस राज में की थी, जहां कारोबार का आकार बढ़ाने या वृद्धि की बात पर त्योरियां चढ़ जाती थीं। मौजूदा सरकार का यह नीतिगत संकेत इस बात को मान्यता देता है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कारोबार के लिए पैमाना बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि 11 नवंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाहन और फार्मा, कपड़ा, खाद्य उत्पाद सहित 10 और क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत पांच साल में 1,45,980 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एजेंसी